## सार-समाचार

### बसंतोत्सव पर मंगल पाठ में श्रद्धालु झूमे

चूरू (निसं)। निकटवर्ती गांव ढांढंण में अखिल भारतीय माँ टीडा गेला बसंतोत्सव परिवार की ओर से टीडा गेला दादी के 25वें अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत शुक्रवार को दादी का भव्य मंगल पाठ किया गया। पाठ का वाचन अकोला की नेतल शर्मा ने किया। इस दौरान कोलकाता के बंगाली कलाकारों ने सिंदूर खेला की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान उपस्थित महिला शक्ति ने अपने मस्तिष्क पर सुहाग के प्रतीक दादी का पवित्र सिंदूर लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर कलाकारों द्वारा दी गई मां अंबे की प्रस्तुति सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। पाठ के अन्तर्गत राजस्थान के सभी देवी-देवताओं का प्रस्तुतियों के माध्यम से गुणगान किया गया। पाठ के दौरान श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गये। मंगलपाठ के बाद दादी की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे। इसी क्रम में शुक्रवार शाम उज्जैन के बाबा महाकाल के अनन्य किशन भगत द्वारा दी गई एक शाम शिव शक्ति के नाम की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं का मन मोहा। देश विदेश से आये हजारों भक्तों ने कार्यक्रम का जमकर लुफ्त उठाया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को विश्व विख्यात अनूप जलोटा व कविता पौडवाल द्वारा आकर्षक भजनों की प्रस्तुतियां दी जायेगी।

### जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित

चूरू (निसं)। इंसानियत एकता सेवा समिति द्वारा पिछले 38 दिनों से चल रहे रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान का समापन जिला मुख्यालय स्थित अम्बेडकर सर्किल पर गुरुवार रात्री को समिति अध्यक्ष अकबर खान के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित कर किया। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने कहा कि बेसहारा लोगों की मदद करना ही सबसे बडी इंसानियत है, इसी इंसानियत के फर्ज को निभाते हुए समिति द्वारा रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान चलाकर बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि 38 दिनों तक चले इस अभियान में चूरू, सादुलपुर, तारानगर, सरदारशहर, रतनगढ़, रामगढ़ फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, सीकर, बिसाऊ व झुंझुंनूं में जरूरतमंद व असहाय लोगों को 353 कम्बल वितरित किए गए। समिति के सहायक सचिव मो. सलमान खान ने बताया कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना सबसे बड़ा नेक और पुण्य का कार्य है। इस दौरान गुलाम हुसैन गौरी, इंजी. जाफर खान, मोहम्मद अली पठान, हसन खान, हुसैन खान, डॉ. अख्तर खान, अयूब खान, नौशाद खान, जाकिर खान, गफ्फार खान, अजीज खान, महबूब खान, अबरार खान, शमशाद खान, मोती खान, सुलेमान मनिहार, आवेश कुरैशी सहित समिति के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। समिति उपाध्यक्ष महमूद अली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### विशाल निशान पदयात्रा एक मार्च को

झुंझुनूं, (निसं)। हर साल की तरह इस बार भी श्री श्याम मंदिर से फाल्गुन मेला 2025 पर 60वीं विशाल निशान पदयात्रा एवं अखंड ज्योत 28 फरवरी को रात्रि जागरण करके एक मार्च को सुबह 10 बजे शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए अखंड ज्योत साथ लेकर खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेगी। 28 फरवरी की रात्रि को श्री श्याम मंदिर में बाबा का भव्य शृंगार, छप्पन भोग की झांकी, पुष्प वर्षा, इत्र छिड़काव एवं भजन संध्या स्थानीय भजन कलाकार सज्जन दाधीच एवं मनीष भाटी के सानिध्य में होगी। पदयात्रा एक मार्च बड़ागांव, दो मार्च गुढ़ागौड़जी, तीन मार्च उदयपुरवाटी, चार मार्च खंडेला एवं पांच मार्च मंढा में रात्रि विश्राम करते हुए छह मार्च को नाचते-गाते बाबा के चरणों में खाटूश्यामजी निशान अर्पित करेंगे। ट्रस्टी विनोद कुमार सिंघानिया ने बताया कि श्री श्याम फाल्गुन मेला 2025 में हर वर्ष की भांति श्री श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 23 वर्ष से संचालित दक्षिण भारतीय व्यंजन इडली, वडा, डोसा व नारियल पानी आदि का विशाल भंडारा आठ, नौ एवं 10 मार्च को खाटू स्थित झुंझुनूं धाम धर्मशाला में लगाया जाएगा। ट्रस्टी विनोद कुमार सिंघानिया ने बताया कि पदयात्रा मे जाने वाले पदयात्री निशान के लिए नवीन मोदी से संपर्क करे। वहीं 10 मार्च को झुंझुनूं धाम धर्मशाला मे भजनों का कार्यक्रम किया जाएगा।

### रोजगार अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)। शुक्रवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा नगर कमेटी झुंझुनूं ने जिला संयुक्त सचिव योगेश कटारिया के नेतृत्व मे क्षेत्रीय उप रोजगार अधिकारी झुंझुनूं को ज्ञापन दिया। नगर महासचिव सोहेल बहलिवान ने बताया कि राजस्थान सरकार बेरोजगार युवाओं को शर्तों के आधार पर बेरोजगारी भत्ता जारी कर रहा है। जिसको स्वीकार नहीं किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ते के अंदर युवाओं से चार घंटे की अनिवार्य इंटर्नशिप को समाप्त कर बिना शर्त बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। नगर अध्यक्ष सिकंदर पहाड़ियान ने बताया कि बताया कि बेरोजगारी भत्ते में दो लाख रूपए की सालाना को बढ़ाया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओं को इसका लाभ मिल सके। सरकार द्वारा युवाओं की वाजिब मांगों को नहीं माना जाता है तो भारत की जनवादी नौजवान सभा आगामी दिनों में झुंझुनूं जिले के युवाओं को लामबंद कर बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान भारत की जनवादी नौजवान सभा तहसील अध्यक्ष अजहरुद्दीन गहलोत, अनीश धायल, महिपाल पूनियां, उस्मान, नबील, राशिद, आसिफ, अरमान, समीर, फरमान, इरफान, आशिक इत्यादि मौजूद रहे।

### समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

चूरू (निसं)। बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से शुक्रवार को होटल शक्ति पलैश में व्यवसायिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ महाप्रबंधक महेश कुमार गोयल ने किया। इस दौरान गोयल ने चूरू क्षेत्र की वर्तमान व्यवसायिक स्थिति से अवगत कराया और मार्च 2025 तक क्षेत्र के लक्ष्यों को अर्जित करने की कार्य योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर गोयल ने सभी शाखा प्रबंधकों से व्यवसाय वृद्धि के सभी लक्ष्यों को पूर्ण करने का आव्हान किया। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक करणबीर सिंह ने बैंक द्वारा दिसंबर 2024 त्रैमास तक बैंक द्वारा अर्जित विभिन्न पैरामीटर की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न बैंक व्यवसायिकों के विभिन्न पैरामीटर में उत्कृष्ट कार्य करने पर 45 शाखा प्रबंधकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य प्रबंधक राजेन्द्र कुमार दरगड ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चूरू क्षेत्र की शाखाओं के शाखा प्रबंधक सहित क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दो दिवसीय स्पोर्टस मीट का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्टस मीट में आज प्रथम दिवस में किक्रेट मैच का आरम्भ टॉस से संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जीतना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है, इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शारीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को पहले दिन की प्रतियोगिताओं में किक्रेट मैच, बिस्किट रेस, लेमन रेस, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया।

### नेत्र चिकित्सा शिविर कल

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर सुमेरसिंह कर्णावत परिवार की ओर से चावो दादी मंदिर झुंझुनूं में विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर 26 जनवरी रविवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक का आयोजित किया जाएगा। शिविर में टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा आधुनिक मशीनों से जांच कर निशुल्क दवाइयां एवं चश्में वितरण किए जाएंगे।

# नागरिकों की सुविधाओं के विस्तार में अनूठी पहल है चूरू 311 एप्प : राठौड़

■ जिले में 22 से 24 फरवरी को आयोजित होगा चूरू महोत्सव, पोस्टर का विमोचन किया

चूरू (निसं)। पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ व जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को चूरू नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद की ओर से विशेष पहल चूरू 311 एप्प की लॉन्चिंग की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड ने कहा कि चूरू 311 एप्प चूरू के नागरिकों की सुविधाओं के विस्तार में अनूठी पहल है। जिले में हो रहे नवाचारों से आमजन की सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और उन्हें बेहतरीन सुविधाएं मुहैया हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप डिजिटल इंडिया की कल्पना साकार हो रही है और इसी कल्पना में चूरू भी समानांतर आगे बढ़ रहा है। चूरू 311 एप्प से चूरू के निवासियों को डिजिटल युग में अनूठी सुविधाएं मिलेगी। एक क्लिक पर विभिन्न जानकारी मिलेगी। इसी के साथ नागरिक अपने क्षेत्रा की विभिन्न समस्याओं की शिकायत भी कर सकते हैं। यह ऐप नागरिकों की सुविधाओं की लिए अगुवाई करने वाला ऐप साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न नवाचार हो रहे हैं और एक लंबे ठहराव के बाद चूरू महोत्सव का आयोजन किया जाना चूरू के लिए बड़ी पहल है। हम पुरानी संस्कृति और खान-पान की ओर लौट रहे हैं। चूरू महोत्सव विरासत को ताजा करने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि प्रयास करें कि महोत्सव में लुप्त होती कलाओं, खेल सहित समृद्ध विरासत को सहेजा जाए।

राठौड ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए अपने पहले बजट में बड़ी सौगात दी और इस वर्ष भी प्रदेश के विकास के लिए नई संभावनाएं मिलेंगी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की जिला प्रशासन तक सीधी पहुंच हो। एक क्लिक पर आमजन को बेहतरीन सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि चूरू सहित जिले के सभी 10 नगर निकायों व ग्राम पंचायतों में भी चूरू 311 एप्प की सुविधा उपलब्ध है। आमजन इस पर किसी प्रकार की समस्या की शिकायत करते हैं तो वह सीधी संबंधित अधिकारी के पास पहुंच जाएगी। यह एप्प नागरिकों की डे टू डे लाइफ में काफी सहयोगी साबित होगी। इस अवसर पर बसंत शर्मा, विमला गढ़वाल, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, सत्तार खान, गोपाल बालाण, मोहन गढ़वाल, नारायण बेनीवाल मंचस्थ अतिथि थे। आयुक्त अभिलाषा सिंह, भारत भूषण पूनिया, अंकुर, कैलाश आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

आयुक्त अभिलाषा सिंह ने कहा कि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के मार्गदर्शन में आमजन को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने की दृष्टि से जिला नवाचार निधि के माध्यम से चूरू 311 एप्प विकसित किया गया है। आमजन इस एप्प के माध्यम से फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस सहित विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं, वहीं साथ ही नजदीकी अस्पताल, नजदीकी पुलिस थाने, प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क नंबर सहित विभिन्न जानकारियां भी प्राप्त कर सकेंगे। आमजन अपने क्षेत्रा से जुड़ी विभिन्न शिकायतें भी दर्ज कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया। इस मौके पर पूर्व मंत्राी राठौड़ ने नगरपरिषद कार्यालय के पार्क में बनाई गई पब्लिक पार्क लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया और कहा कि यह नवाचार आमजन में पुस्तक संस्कृति लौटाने में बहुत सहयोगी साबित होगा।

**22 से 24 फरवरी तक आयोजित होगा चूरू महोत्सव, चूरू महोत्सव के पोस्टर का किया विमोचन, यह रहेंगी गतिविधियां:-** इस मौके पर अतिथियों ने जिला प्रशासन, जिला पुलिस, चूरू नगर परिषद व संप्रीति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 22 से 24 फरवरी को जिला मुख्यालय पर रिजर्व पुलिस लाइन खेल मैदान में आयोजित हो रहे चूरू महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। जारी पोस्टर के अनुसार चूरू महोत्सव में विरासत कार्निवल यात्रा, आर्ट एवं क्राफ्ट मेला, फन गेम्स, फूड बाजार, डेजर्ट सिंफनी, राजस्थानी लोक संगीत, पारंपरिक लोक नृत्य, राजस्थानी म्यूजियम, विशाल सांस्कृतिक संध्या, कला प्रदर्शनी, विभिन्न कार्यशालाएं, आतिशबाजी शो, लिटरेचर फेस्टिवल, किताबों का संसार, प्रवासी मिलन उत्सव, गौरवश्री अवॉर्ड्स, कवि सम्मेलन, मेगा पेंटिंग प्रदर्शनी, एडवेंचर गतिविधियां सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में मिस/मिस्टर/मिसेज चूरू प्रतियोगिता, एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिता, स्पॉट शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता, पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, कविता पाठ, प्रतियोगिता, लोक गीत प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, वादन प्रतियोगिता, स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता, स्पॉट क्विज प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता सहित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## राष्ट्रीय वाहन चालक दिवस धूमधाम से मनाया

सीकर (निसं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले की सभी विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता जिसमें 500 शब्दों में सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सडक सुरक्षा उपायो के संबंध में निबंध प्रतियोगिता, 2-2 लाईन के दस स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता, पोस्टर (कार्डशीट पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबन्धन) तथा अभिभावकों को पत्र लेखन की प्रतियोगिता जिसमें 300 शब्दों में यातायात नियमों की पालना का अभिभावकों प्रतियोगिता से आग्रह किया जायेगा।

अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी डॉ. विरेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 23 जनवरी 2025 को निबंध व स्लोगन तथा 24 जनवरी 2025 पोस्टर एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में लगभग 150000 छात्र-छात्राओं को भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेताओं का पुनः ब्लॉक स्तर पर 27 जनवरी को निबंध एवं स्लोगन तथा 28 जनवरी को पोस्टर एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विजेताओं को 31 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे जिला परिषद सभागार सीकर में समापन एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा समिति की ओर से सम्मानित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2025 शनिवार (प्रथम पारी प्रातः 10 से दोपहर 01 बजे तक तथा द्वितीय पारी दोपहर 02 से सायं 05 बजे तक) को प्रधानजी का जाव, बायोस्कॉप के पास, राणीसती रोड़ सीकर पर एक सडक सुरक्षा एवं जीवन दायिनी प्रशिक्षण रखा गया है। प्रशिक्षण में जिले के लगभग 1586 सरकारी, निजी प्रत्येक विद्यालय से नामित एक शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

राष्ट्रीय वाहन चालक दिवस पर भारी वाहनों के ड्राइवरों को प्रशिक्षण के साथ ही उनको देश का आंतरिक सिपाही मानते हुए सम्मान किया गया। वाहन चालक सम्मान समारोह परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, डी बी स्किल फाउंडेशन, वाहन चालक कौशल विकास संस्थान सिंगाबल उप केन्द्र सीकर ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड टेस्टिंग प्रा. लि. द्वारा आयोजित किया जिसमें ड्राइवरों को श्रीराम सेवा संकल्प के तहत ड्राइवरों को निःशुल्क किट दिया। अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह राठौड एवं ताराचंद जिला परिवहन अधिकारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

सीकर, (निसं)। जिला प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा महिला अधिकारित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शिवसिंहपुरा स्थित ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला विविध सेवा प्राधिकरण की सचिव शालिनी गोयल ने बालिकाओं को कानून में बालिकाओं के लिए किए गए प्रावधानों की जानकारी देते हुए आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दिवस की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्म निर्भर महिला ही गांव, समाज, राज्य व देश को तरक्की की नई उचाईयां पर पहुंचा सकती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बालिकाओं से सपनों की उड़ान जज्बे और हौंसलों के साथ भरने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत से ही सफलता मिलती है और इसका कोई विकल्प या शार्टकट नहीं है। संस्कार के साथ साथ आगे बढने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। सभ्य समाज को निर्माण एक सभ्य, शिक्षित महिला ही कर सकती है।

महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेंद्र चौधरी ने कहा कि बालिकाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित की जा रही है। समाज में बालिकाओं के प्रति चेतना आई और इसी का परिणाम है कि लिंगानुपात में धीरे धीरे सुधार हो रहा है। उन्होंने विभागीय योजनाओं के साथ राजस्थान मरू उडान की जानकारी दी।

कार्यक्रम में डॉ बीएल राहड ने बालिकाओं को होने वाली बीमारियों की जानकारी देते हुए उनके बचाव व रोकथाम के तरीके बताएं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस संस्थान में पढने वाली बालिकाओं को वे निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श व उपचार देंगे। पिपराली बीसीएमओ डॉ अजीत शर्मा ने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे हैं। उन्होंने लिंगानुपात पर चर्चा करते हुए बेटी बढ़ाओं, बेटी बचाओ, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम आदि की जानकारी दी।

समारोह को बेटी बढ़ाओं, बेटी बचाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसेडर अभिलाषा रणवां ने सैल्फ डिफेंस की जानकारी दी। वहीं चिकित्सा विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक (पीसीपीएनडीटी) नंदलाल पूनिया ने विभाग की मुखबिर योजना के बारे में बताया। वहीं रक्त मोटिवेटर बीएल मील ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान अध्यक्ष इंजीनियर झाबरमल, सचिव आर के जाखड, कोषाध्यक्ष रामनिवास मील, कार्यकारिणी सदस्य विद्याधर पिलानियां, सोहन लाल फगेड़ियां सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। अतिथियों ने संस्थान के सभी पदाधिकारियों का आभार जताया कि उन्होंने शहर में बालिका शिक्षा के क्षेत्र में मिशाल कायम की है और इसे निरन्तर आगे बढ़ा रहे हैं।

**प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं का हुआ सम्मान :-** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संस्थान में पोस्टर, निबंध व नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में आकांक्षा कुमारी, मोनल, अंकिता सिंह, निबंध प्रतियोगिता में तमन्ना सेवदा, महिमा, एश्वर्या व नृत्य प्रतियोगिता में कुमुद, सीमा, पूजा, आर्यना व नेहा विजेता रही। अतिथियों ने सभी विजेता बालिकाओं को स्मृती चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली सभी अन्य बालिकाओं को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## वार्षिकोत्सव पर मेधावियों को पुरस्कार बांटे

झुंझुनूं, (निसं)। जाबासर के शहीद नियामत अली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान, पुरस्कार वितरण सामारोह एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह मिलाप 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्राचार्य राकेश झाझड़िया ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच इरशाद अली रहे। संबलनकर्ता एवं अति विशिष्ट अतिथि डीईओ एलीमेंट्री मनोज कुमार ढाका, सीबीईओ अलसीसर राजेंद्रन्द्र कुमार खीचड़, संदर्भ व्यक्ति दिनेश कुमार एवं जेईएन पीयूष कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति में भामाशाह एवं 36 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। पूर्व बैंक प्रबंधक इब्राहिम खां द्वारा कक्षा 12 व 10 में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 1000-1000 रूपए प्रत्येक को देकर सम्मानित किया गया तथा प्रतिवर्ष देने की घोषणा की। कार्यक्रम में गांव के विशिष्ट अतिथि वीरांगना दौलत बानो, भंवर अली खां, कैप्टन असलम खां, कैप्टन जामिद हुसैन, करणाराम, बनवारीलाल जांगिड़, मनवर अली, बशीर खां, आजाद नबी खां तथा समस्त विद्यालय स्टाफ रामस्वरूप, मोहम्मद अली, मनोज फोगाट, सुधा कुमारी, सुभाषचंद्र, मोहम्मद आरिफ, जावेद इकबाल, राजकुमार, सुनिल शर्मा, सज्जन कुमार, तसलीम खान, सद्दाम खान, नम्रता चौधरी, सुमन कुमारी उपस्थित रहे। मंच संचालन विरेन्द्र सिंह शेखावत ने किया।

## उत्कृष्ट बालिकाओं को सम्मानित किया

झुंझुनूं, (निसं)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर न्यू राजस्थान बालिका महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि बालिकाओं के हितों व अधिकारों पर समाज को विशेष फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला महिला शिक्षा में हमेशा अग्रणी रहा है। इसी कारण 8 मार्च 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झुंझुनूं जिले से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने की बात कही। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल बालिकाओं का उत्साहवर्धन होता है। बल्कि उन्हें समाज में सशक्त भूमिका निभाने की प्रेरणा भी मिलती है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान किया गया। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा की तरफ से सिलाई मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम में न्यू राजस्थान बालिका महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बालिकाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डॉ. अर्षा चौधरी के नेतृत्व में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारी का विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया गया। इस दौरान शिक्षाविद व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्षा चौधरी, प्रधानाचार्य अनीश खान, एडीईओ प्रमोद आबूसरिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक बिजेंद्र सिंह राठौड़, कलेक्टर की गोद ली बेटी रईसा बानो सहित सैंकड़ों की संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## शहीद वीरांगना सहित पूर्व सैनिकों का सम्मान किया

गुढ़ागौड़जी, (निसं)। कस्बे के शहीद रामसिंह शेखावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंवरा में कारगिल शहीद रामसिंह शेखावत के 25वें शहादत दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बामलास धाम के महंत लक्ष्मणदास महाराज रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि झुंझुनूं सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं शहीद वीरांगना राज कंवर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह नरुका द्वारा की गई। ब्लड शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि लक्ष्मणदास महाराज ने फीता काटकर किया। महाराज ने उपस्थित युवाओं को साधुवाद दिया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा कारगिल शहीद रामसिंह शेखावत को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की परेड टुकड़ियों ने शहीद को सलामी दी। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वागत भाषण विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रामनिवास जाखड द्वारा दिया गया। विद्यालय की छात्रा मोनू कंवर ने शहीद के जीवन पर प्रकाश डाला। अतिथियों एवं मेडिकल टीम ने रक्तदान शिविर एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह के आयोजक समाजसेवी राजेंद्र दोराता का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजेंद्र सिंह दोराता पिछले 20 दिनों से स्वयं के खर्चे से इस कार्यक्रम की रूपरेखा में लगे हुए थे। उन्होंने युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शहीद वीरांगना राज कंवर का माल्यार्पण कर शॉल ओढाकर स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों एवं ग्राम पंचायत चंवरा के सेना एवं अर्धसैनिक बलों से सेवानिवृत पूर्व सैनिकों का स्वागत राजेंद्र दोराता द्वारा राजस्थानी परंपरा की शान पगड़ी एवं फूलमाला द्वारा किया गया। शहीद परिवार ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने शहीद और शहीद वीरांगना को नमन करते हुए कहा कारगिल के युद्ध के दौरान मां भारती की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद रामसिंह शेखावत की शहादत पर हमें गर्व है।

## सम्मान समारोह

कोलसिया, (निसं)। गांव के श्री शिवनारायण खेदड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान एवं पूर्व विधार्थी सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि भामाशाह हेमंत दूत रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्या आशा सिंह ने की। वहीं 25 भामाशाहों का सम्मान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।


पंजाब एण्ड सिंध बैंक | Punjab & Sind Bank

अंचल कार्यालय, 30-31, मोहन टॉवर, प्रिंस रोड, विद्युत नगर, अजमेर रोड़, जयपुर -302021 फोन नंबर: 0141-2358350,2358628

**परिसर चाहिए ( चूरू, जिला-चूरू ( राजस्थान )**

राजस्थान में बैंक की नई शाखा खोलने के लिए निम्लिखित स्थान पर भूतल स्थित परिसर के लिए दो बोली प्रणाली के तहत न्यूनतम 15 साल के लिए लीज के आधार पर 1000-1200 फीट एरिया वाले परिसर के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है:-

| जगह जहाँ शाखा खोलनी है | कारपेट एरिया ( वर्गफीट में ) |
| --- | --- |
| चूरू, जिला-चूरू ( राजस्थान ) | 1000-1200 |

प्रस्ताव जमा करवाने की अंतिम तिथि 13.02.2025 होगीअधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं www.punjabandsindbank.co.in आँचलिक प्रबंधक



